an>

Title: Regarding providing of special package for construction of 'Battisa Nallah'.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): मेरे लोक सभा क्षेत्र में सिरोही जिला है, जहां फ्लोराइड की मात्रा बहुत अधिक है और अरावली पर्वत से घिरा हुआ है। वहां पानी की बहुत किल्लत है जिस वजह से पूरे जिले को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। एक स्कीम 1200 करोड़ रुपये की बनी थी, दूसरी स्कीम जो 200 करोड़ की है। पिछली बार आपने सालगांव का विजिट भी किया था। वहां पानी बहुत रहता है, इस वजह से हमारे पूरे जिले को पानी की समस्या से निजात मिल सकती है। सालगांव डैम और बत्तीशा नाल्लाह बन जाए तो सिरोही जिले को पानी की किल्लत नहीं रहेगी। यह कहा जाता है कि जल ही जीवन है, अगर जल बचाना है तो वहीं इसे रोकना पड़ेगा और इसी जल से हमारे जिले की समस्या दूर हो सकती है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि सिरोही जिले के लिए विशेष पैकेज दिया जाए ताकि बत्तीशा नाल्लाह का निर्माण हो। सालगांव डैम का काम वन विभाग की प्रक्रिया में रुका है, मेरी मांग है कि इसे भी जल्द क्लियर किया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री पी.पी. चौधरी को श्री देवजी एम. पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

दीपेन्द्र हुड्डा जी, एक मिनट में अपनी बात कहिए।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक) : माननीय अध्यक्ष जी, यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

माननीय अध्यक्ष : तब भी एक मिनट में बोलिए।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा : माननीय अध्यक्ष जी, यह देश के भूतपूर्व सैनिकों और सैन्य बलों से जुड़ा हुआ मुद्दा है इसलिए मैं आपका संरक्षण चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष : आप बोलिए तो सही, इसी में आधा मिनट चला जाएगा।